# देश में बढ़ी स्टार्टअप की संख्या यूपी ने गुजरात को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। देश में स्टार्टअप का भविष्य उज्जवल नजर आ रहा है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 30 जून तक 1.40 लाख संस्थाओं को स्टार्टअप के तौर पर मान्यता दी है। शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

मंत्री प्रसाद के मुताबिक, डीपीआईआईटी ने 30 जून 2024 तक 1,40,803 संस्थाओं को स्टार्टअप के तौर पर मान्यता दी। इनमें से 25,000 से अधिक महाराष्ट्र के स्टार्टअप हैं। दूसरे नंबर पर 15,019 संख्या के साथ कर्नाटक, तीसरे पर 14,734 संख्या के साथ दिल्ली, चौथे पर 13,299 संख्या के साथ उत्तर प्रदेश और 11,436 संख्या गुजरात



## महाराष्ट्र है इस क्षेत्र में अव्वल

पांचवें नंबर पर है। सरकार ने 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी। इसका मकसद देश में स्टार्टअप को बढ़ावा देना, इनमें नवाचार और निवेश को प्रोत्साहित कर एक मजबूत इकोसिस्टम बनाना था।

इन स्टार्टअप को 2016 में घोषित स्टार्टअप इंडियन एक्शन प्लान के तहत आयकर लाभ सहित कई प्रोत्साहन मिलते हैं। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना के तहत 30 जून तक इनक्यूबेटरों ने स्टार्टअप्स के लिए 90.52 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। एजेंसी